# अध्याय 9 मध्यप्रदेश का गठन

## मध्यप्रदेश का गठन

राज्य पुनर्गठन आयोग की अनुशंसा पर विचार करने के उपरान्त देश के राज्यों का पुनर्गठन किया गया। परिणामस्वरूप दिनांक 1 नवम्बर, 1956 को नया मध्यप्रदेश बना। इसका निर्माण महाकोशल (17 जिले), मध्यभारत (16 जिले), विन्ध्यप्रदेश (8 जिले), भोपाल राज्य (2 जिले) तथा राजस्थान के कोटा जिले के सिरोंज सब–डिवीजन के सम्मिलन से हुआ है। नए मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित रवि शंकर शुक्ल थे।

दिनांक 1 नवम्बर 2000 को मध्यप्रदेश से एक नए राज्य–छत्तीसगढ़. का गठन किया गया। छत्तीसगढ़ में, मध्यप्रदेश की रायपुर, बस्तर और बिलासपुर संभागों के जिले शामिल किए गए थे।

वर्तमान में प्रदेश में 10 संभाग, 51 जिले व 313 विकासखण्ड, 341 तहसीले है व प्रदेश का क्षेत्रफल 3,08,245 वर्ग किलोमीटर है। पहले यह देश का सबसे बड़ा राज्य था लेकिन वर्तमान मे क्षेत्रफल की दृष्टि में देश में यह द्वितीय स्थान पर है।

### अभ्यास प्रश्न

**अतिलघुत्तरीय प्रश्न–**

प्रश्न–1 मध्यप्रदेश का गठन कब हुआ?

प्रश्न–2 प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री कौन थे?

प्रश्न–3 वर्ष 2000 को मध्यप्रदेश से किस नए राज्य का गठन किया गया?

प्रश्न–4 वर्तमान में प्रदेश के कितने जिले व संभाग हैं?